Publication: Rajasthan Patrika	Edition: Ahmedabad
Date: September 20, 2016	Page: 5

एचपीएल एंड पावर का आईपीओ 22 को

अहमदाबाद. एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर लि. का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम 22 सिम्बर को खुलेगा, जो 26 सितम्बर को बंद होगा। कंपनी 175 रुपए से 202 रुपए प्रति इक्विटी शेयर के प्राइस बैंड पर दस रुपए सममूल्य के 3610 मिलियन रुपए के इक्विटी शेयर जारी करेगी। न्यूनतम इक्विटी शेयर और बाद में 70 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं।

इस ऑफर के जरिए उपलब्ध इक्विटी शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. और बीएसई लि. पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। कंपनी बुक रनिंग लीड मैनेजर (बीआरएलेम) के परामर्श से सेबी आईसीडीआर विनियमनों के अनुसार एंकर निवेशकों की भागीदारी पर विचार कर सकती है।

एंकर निवेशकों की बोली लगाने की तिथि निगम खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व होगी। कंपनी का दावा है कि वर्ष 2015 में भारत के ऊर्जा मीटर के बाजार में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी थी, जिसके पास भारत में मीटरों का सबसे व्यापक पोर्टफोलिया था। मौजूदा समय में हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में कंपनी के सात संयंत्र हैं।